न्यायालय उपखण्ड अधिकारी बिजौलियाँ जिला भीलवाड़ा (राज0)

प्रकरण संख्या :- 42/2022 तारीख 24.3.2022

सरजुदेवी पत्नि मांगीलाल जाति मीणा उम्र वयस्क निवासी बिजौलिया खुर्द तहसील बिजौलियां जिला भीलवाडा (राज0)

............प्रार्थीया

बनाम

01. मोतीलाल पुत्र बालू जाति भील उम्र वयस्क निवासी बिजौलिया खुर्द तहसील बिजौलियां जिला भीलवाडा (राज0)
02. काना पुत्र देवी जाति कुम्हार उम्र वयस्क निवासी बिजौलिया खुर्द तहसील बिजौलियां जिला भीलवाडा (राज0)
03. नन्दा पुत्र धूला जाति भील उम्र वयस्क निवासी बिजौलिया खुर्द तहसील बिजौलिया जिला भीलवाडा (राज0)
04. मोती पुत्र चुन्नीलाल जाति भील उम्र वयस्क निवासी बिजौलिया खुर्द तहसील बिजौलियां जिला भीलवाडा (राज0)

.............विपक्षीगण

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111 – 128 रा0ले0रे0एक्ट

–: आदेश :– दिनांकः

प्रार्थना पत्र प्रार्थीया **सरजुदेवी पत्नि मांगीलाल जाति मीणा उम्र वयस्क निवासी बिजौलिया खुर्द तहसील बिजौलियां जिला भीलवाडा (राज0)** ने जरिये **अभिभाषक श्री रामफूल धाकड एडवोकेट** प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि मेरे एकल/संयुक्त खाते भूमि कि **ग्राम बिजौलिया खुर्द पटवार हल्का बिजौलिया खुर्द तहसील बिजौलियाँ की सरहद में खाता संख्या 780 पर अंकित आराजी संख्या 40 रकबा 0.0728 हैक्टेयर, आरजी संख्या 61 रकबा 0.2914 हैक्टेयर, आराजी संख्या 1721/39 रकबा 0.2023 हैक्टेयर, आरजी संख्या 1722/44 रकबा 0.4047 हैक्टेयर कुल किता 04 रकबा 0.9712 हैक्टेयर भूमि** पर विपक्षीगण आये दिन सीमा विवाद को लेकर झगडा करते है। अतः पत्थरगढ़ी का आदेश प्रदान कराया जावें साथ में प्रार्थना पत्र की ताईद में शपथपत्र संलग्न है।

प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर करवाया गया। प्रस्तुत पत्रावली पर विद्वान अधिवक्ता की बहस सुनी गई और पत्रावली का अवलोकन किया गया।

पत्रावली में संलग्न जमाबन्दी सम्वत 2075–2078 के अवलोकन से प्रार्थी वादग्रस्त आराजीयात की खातेदार काश्तकार है। पड़ौसियान के विवाद करने बाबत् शपथपत्र संलग्न है। पत्थरगढ़ी से किसी के स्वत्व पर कोई विपरीत प्रभाव नहीं पड़ता है। भू–अभिलेख निरीक्षक **बिजौलिया खुर्द** को पत्थरगढ़ी बाबत् कमिश्नर नियुक्त किया जाता हैं। कमीश्नर फीस 500/– रूपयें तय की जाती है वक्त मौका प्रार्थीगण अदा करें।

अतः प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111–128 राजस्थान लेण्ड रेवेन्यु एक्ट स्वीकार किया जाकर **ग्राम बिजौलिया खुर्द पटवार हल्का बिजौलिया खुर्द तहसील बिजौलियाँ की सरहद में खाता संख्या 780 पर अंकित आराजी संख्या 40 रकबा 0.0728 हैक्टेयर, आरजी संख्या 61 रकबा 0.2914 हैक्टेयर, आराजी संख्या 1721/39 रकबा 0.2023 हैक्टेयर, आरजी संख्या 1722/44 रकबा 0.4047 हैक्टेयर कुल किता 04 रकबा 0.9712 हैक्टेयर भूमि** बशामलात पड़ौसियान के पत्थरगढ़ी करने हेतु आदेशित किया जाता है एवं पत्थरगढ़ी शुल्क राशि 100/– रूपये राजकोष में जमा होने पर पालनार्थ तहसीलदार बिजौलियाँ को लिखा जावें।

प्रार्थना पत्र निर्णित होकर नम्बर से कम हो।

आदेश सुनाया गया

उपखण्ड अधिकारी
बिजौलिया

उपखण्ड अधिकारी
बिजौलिया जि.-भीलवाड़ा